तृणमूल सांसद से जुड़े अखबार में 60 करोड़ की वित्तीय अनियमितताएं मिलीं

प्रवर्तन निदेशालय ने उर्दू अखबार के परिसरों में 24 घंटे से अधिक समय तक की छापेमारी

कोलकाता, 8 सितंबर (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं राज्यसभा सदस्य नदीमुल हक से जुड़े एक उर्दू अखबार के परिसरों में 24 घंटे से अधिक समय तक चली छापेमारी के दौरान करीब 60 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है। हक और उनके मीडिया प्रतिष्ठान से जुड़े परिसरों में तलाशी सोमवार की सुबह शुरू हुई थी और मंगलवार पूरी हुई।

ईडी के एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि लेनदेन की कड़ी का पता लगाने और जांच के दायरे में आई रकम के स्रोत का निर्धारण करने के लिए वित्तीय रिकार्ड और डिजिटल दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजंसी अखबार से जुड़े कथित अवैध वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है और यह भी पता लगा रही है कि क्या कुछ रकम हवाला के जरिए भेजी गई थी। अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान बैंक लेनदेन के रिकार्ड, वित्तीय दस्तावेज और डिजिटल सामग्री की जांच की तथा कोलकाता स्थित हक के आवास और कार्यालय में उनसे पूछताछ की।

उन्होंने बताया कि ईडी के जांचकर्ता तृणमूल कांग्रेस से कथित तौर पर जुड़ी रकम के लेनदेन की भी जांच कर रहे हैं। ईडी सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ताओं को करीब 60 करोड़ रुपए के ऐसे लेनदेन से संबंधित विसंगतियां मिली हैं, जिनके समर्थन में उन्हें तत्काल संतोषजनक रिकार्ड नहीं मिल सके। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय जांच एजंसी अब यह पता लगा रही है कि ये लेनदेन वास्तव में कारोबारी सौदे थे या यह रकम हवाला समेत अनौपचारिक माध्यमों से भेजी गई थी। दिल्ली और रांची में सात अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की तलाशी ली गई। कोलकाता के पार्क सर्कस इलाके में हक से जुड़े परिसरों पर भी छापेमारी की गई। अधिकारी ने बताया कि जब छापेमारी शुरू हुई तब तृणमूल सांसद रांची में थे। इसके बाद उन्हें सोमवार रात कोलकाता लाया गया और उनके आवास एवं कार्यालय में तलाशी के दौरान उनसे पूछताछ की गई।

राजनीति से प्रेरित है ईडी कार्रवाई : तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, 8 सितंबर (ब्यूरो)। तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा के मुख्य सचेतक नदीमुल हक के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया। पार्टी ने कहा कि करीब 12 घंटे जिस परिसर में ईडी ने तलाशी ली, वह पिछले करीब 10 वर्षों से तृणमूल कांग्रेस के कार्यालय के रूप में इस्तेमाल हो रहा है और हक वहां रहते ही नहीं हैं। ईडी की तलाशी दोपहर करीब एक बजे तक पूरी हो गई थी। इसके बाद अधिकारी करीब 10 घंटे तक परिसर में बैठे रहे और कथित तौर पर निर्देश मिलने का इंतजार करते रहे। आरोप है कि कार्रवाई के शुरुआती घंटों में ही ईडी अधिकारियों को पता चल गया था कि यह परिसर पार्टी कार्यालय के रूप में इस्तेमाल होता है और नादिमुल हक यहां नहीं रहते। इसके बावजूद अधिकारियों ने तलाशी जारी रखी।

भूपेन हजारिका असम के लोगों के दिल में बसते हैं : हिमंत

गुवाहाटी, 8 सितंबर (भाषा)।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने प्रसिद्ध गायक और संगीतकार भूपेन हजारिका को उनकी जयंती पर याद करते करते हुए कहा कि वह इस राज्य के लोगों के दिल और आत्मा में बसते हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हजारिका का कालजयी संगीत और उनकी भावपूर्ण रचनाएं पीढ़ियों को लगातार प्रेरित करती रहेंगी।

सरमा ने कहा कि डा भूपेन हजारिका सिर्फ एक नाम नहीं हैं, बल्कि वह ऐसी भावना हैं जो असम के लोगों के दिल और आत्मा में जीवित है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन और कालजयी रचनाओं के सम्मान में देशभर में सालभर चले समारोहों ने ब्रह्मपुत्र के कवि की स्थायी विरासत पर एक बार फिर प्रकाश डाला है। उनकी आवाज असम की भावनाओं को राज्य की सीमाओं से बहुत दूर ले गई। मुख्यमंत्री यहां भूपेन हजारिका समन्वय तीर्थ में राज्य के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे।

अरुणाचल प्रदेश : मुख्यमंत्री ने भूपेन हजारिका को दी श्रद्धांजलि

ईटानगर, 8 सितंबर (भाषा)।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को प्रख्यात गायक भूपेन हजारिका की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें एक ऐसी कालजयी आवाज बताया, जिसने पूर्वोत्तर और देश के अन्य हिस्सों के लोगों को भी एकजुट किया। खांडू ने कहा कि हजारिका के गीत भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों के बीच गहरा भावनात्मक जुड़ाव पैदा करते थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आपके गीतों ने पूर्वोत्तर भारत और दुनिया के लोगों के दिलों को खूबसूरती से जोड़ा। अरुणाचल में आपकी धुनें आज भी गूंजती हैं और शांति, एकता तथा सांस्कृतिक गौरव की भावना जगाती हैं।

'फरक्का जल संधि के नवीकरण में बिहार के हितों का ध्यान रखा जाए'

पटना, 8 सितंबर (भाषा)।

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने फरक्का जल संधि के नवीकरण से पहले प्रदेश के हितों को प्राथमिकता देने की मांग करते हुए मंगलवार को राज्य के सभी राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर एकजुट होकर केंद्र के समक्ष आवाज उठाने की अपील की।

जनता दल (एकी) के प्रदेश कार्यालय में चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि फरक्का जल संधि में बिहार की उपेक्षा की गई है और इसका प्रभाव राज्य के लिए चिंताजनक रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने केंद्र से संधि के नवीकरण से पहले राज्य के हितों का समुचित ध्यान रखने का अनुरोध किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में बिहार सरकार को आश्वस्त किया है कि राज्य के हितों का ध्यान रखा जाएगा।

ओड़ीशा में 15 दिन में जर्जर ढांचों की होगी पहचान : सरकार

भुवनेश्वर, 8 सितंबर (भाषा)।

ओड़ीशा सरकार ने दो सप्ताह के भीतर राज्य में असुरक्षित इमारतों की पहचान करने के लिए एक टीम का गठन किया है। आवास एवं शहरी विकास मंत्री कृष्ण चंद्र महापात्र ने बताया कि इसके बाद संबंधित इमारतों के मालिकों को नोटिस जारी किया जाएगा और बाद में इन ढांचों को ध्वस्त कर दिया जाएगा।

मंत्री ने संवाददाताओं से कहा आवास एवं शहरी विकास विभाग ने स्थिति की नए सिरे से समीक्षा की है और अधिकारियों को असुरक्षित पाई गई इमारतों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के पास लड़कों के लिए पेइंग गेस्ट आवास वाली पांच मंजिला इमारत के ढहने के कुछ दिन बाद हुई है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हुए थे। महापात्र ने कहा कि आकलन के आधार पर असुरक्षित पाई गई सभी सरकारी इमारतों की जांच की जा चुकी है और नोटिस भी जारी किए गए हैं। मैंने कल विभाग के साथ स्थिति की फिर से समीक्षा की। असुरक्षित पाई गई इमारतों को ध्वस्त करने के लिए जल्द ही नोटिस जारी किए जाएंगे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार असुरक्षित ढांचों के खिलाफ सख्त और समय रहते कार्रवाई करेगी। महापात्र ने कहा कि विभाग के अधीन आने वाली असुरक्षित इमारतों के मामले में वह खुद कार्रवाई करेगा।

> *मंत्री* ने संवाददाताओं से कहा आवास एवं शहरी विकास विभाग ने स्थिति की नए सिरे से समीक्षा की है और अधिकारियों को असुरक्षित पाई गई इमारतों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बिहार में चलेगा सेवा संकल्प अभियान

पटना, 8 सितंबर (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और गुजरात तथा केंद्र की सरकारों के प्रमुख के रूप में उनके 25 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में राज्य में 17 सितंबर से एक महीने तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में कहा, '17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है। उन्होंने सात अक्तूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अगले महीने वह गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कुल 25 वर्ष पूरे करेंगे। इसलिए पार्टी ने 17 सितंबर से एक महीने तक कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि 17 अक्तूबर को जन सेवक महाकुंभ आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर सांसदों तक लगभग 1.25 लाख जनप्रतिनिधि एक स्थान पर एकत्र होकर वंदे मातरम् के सभी छह अंतरे का सामूहिक गायन करेंगे।

अरुणाचल विधानसभा ने पारित किए तीन विधेयक

ईटानगर, 8 सितंबर (भाषा)।

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने, अग्नि एवं आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने और हवाई अड्डों के आसपास सुनियोजित विकास को गति देने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयक मंगलवार को पारित किए। इन विधेयकों को चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी दी गई।

उद्योग मंत्री न्याटो दुकम ने अरुणाचल प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (सुविधा, स्थापना और संचालन) विधेयक, 2026 पेश किया। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में एमएसएमई की स्थापना और संचालन के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना है। प्रस्तावित कानून के तहत एमएसएमई इकाइयों को कुछ मंजूरियों और निरीक्षणों से छूट देने का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है। विधेयक में हालांकि, जनस्वास्थ्य और सुरक्षा, जनजातीय भूमि अधिकारों, वन कानूनों और श्रमिक कल्याण से जुड़े मौजूदा सुरक्षा प्रावधानों को बरकरार रखने का प्रस्ताव है।

गृह मंत्री ममा नाटुंग ने 'अरुणाचल प्रदेश अग्नि एवं आपातकालीन सेवा (संशोधन) विधेयक' पेश किया। इस विधेयक के जरिए मौजूदा अग्नि एवं आपातकालीन सेवा कानून के कुछ प्रावधानों में संशोधन किया जाएगा, खासकर राष्ट्रीय भवन संहिता से जुड़े संदर्भों में बदलाव किया जाएगा।

झारखंड : पूर्वी सिंहभूम में एक करोड़ की मादक पदार्थ जब्ती के बाद 36 हिरासत में

जमशेदपुर, 8 सितंबर (भाषा)।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में चलाए गए अभियान के दौरान आपराधिक गतिविधियों में कथित रूप से शामिल 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ बरामद होने के बाद 36 लोगों को पकड़ा गया।

पूर्वी सिंहभूम जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान आपरेशन जीरो टालरेंस के तहत जुलाई और अगस्त में 133.9 किलोग्राम गांजा और 108.6 ग्राम ब्राउन शुगर आदि जब्त किए गए।

अभियान के दौरान आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और 36 तस्करों को पकड़ा गया। वकारिब ने बताया कि इसी अवधि के दौरान असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में कुल 787 लोगों को पीआर बांड पर छोड़ा गया।

GALGOTIAS
COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India Affiliated to AKTU)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION AGAINST VACANT / MANAGEMENT SEATS FOR FOLLOWING PROGRAMS (2026-27)

B.TECH. — **Duration: 4 Years**

- Computer Science and Engineering*
- Computer Science and Engineering (Hindi)
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence)
- Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- Artificial Intelligence and Machine Learning
- Information Technology*
- Electronics & Communication Engineering*
- Mechanical Engineering*
- Civil Engineering*
- Electrical Engineering*
- Electrical and Electronics Engineering*
- Electronics Engineering (VLSI Design & Technology)
- Electronics and Communication (Advanced Communication Technology)

*NBA Accredited Course

Eligibility: Passed 10+2 examination with Physics and Mathematics as compulsory subjects along with one of Chemistry/Biotechnology/Biology/Technical Vocational subject, securing minimum marks as prescribed by AICTE.

Eligibility for Lateral Entry in B. Tech. 2nd Year: Passed Minimum Three years / Two years (Lateral Entry) engineering diploma in the above branches recognized by Board of Technical Education/B.Sc. degree and passed 10+2 standard with mathematics as one of the subjects from any recognized university, securing minimum marks as prescribed by AICTE.

MBA — **Duration: 2 Years**

- MBA
- MBA (Logistics and Supply Chain management)

Eligibility: Passed bachelor's degree of minimum 3 years duration from any recognized Indian University; or its equivalent, recognized by A.I.U, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

MCA — **Duration: 2 Years**

Eligibility: Passed BCA/ B.Sc. (Computer Science)/ B.Sc. (IT) or graduation degree (e.g.: B.Sc. /B.Com. / B.A./ B. Voc./ etc.) with Mathematics at 10+2 level or at Graduation level, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

Applications are invited as per the following schedule: (Subject to change as per AKTU Admission Guidelines)

a) **Last date for submitting the Application Form is 11th September 2026.**
b) **Date of publication of Merit List is 12th September 2026.**
c) **Last date for Admission to the candidate offered seat as per the Merit List is 14th September 2026.**

For registration, submit a Demand Draft (DD) of Rs. 25000/- in favor of **"Galgotias College of Engineering & Technology"** payable at Delhi/Noida/Greater Noida.

- Admission strictly on merit as per AKTU norms.
- For successful candidates, Rs. 25000/- will be adjusted in their academic fee and for unsuccessful candidates, Rs. 1000/- will be deducted as registration fee and balance of Rs. 24000/- will be refunded.

Note: Pre-Registration for direct admission in Management / against Vacant seats on **'https://aktu.ac.in'** is mandatory.

For registration at campus, please contact us
GALGOTIAS COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
1, Knowledge Park, Phase-II, Greater Noida,
Gautam Budh Nagar, UP-201310.
Contact No: 0120-4513800, 91-7303382061, 7303382063
www.galgotiacollege.edu Ragging is Strictly Prohibited

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES NOR IS IT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

PUBLIC ANNOUNCEMENT

GREENASIA IMPEX LTD

(Please scan this QR Code to view the Draft Red Herring Prospectus)

GREEN ASIA IMPEX LIMITED

(Formerly known as "Green Asia Impex Private Limited")

Corporate Identification Number: U10209AP2014PLC094995

Our Company was originally incorporated as a private limited company under the provisions of Companies Act, 2013 in the name of *'Green Asia Impex Private Limited'* pursuant to a certificate of incorporation dated August 5, 2014 issued by Registrar of Companies Andhra Pradesh. Further, pursuant to a special resolution passed by the shareholders of our Company on September 9, 2025, our Company was converted into a public limited company, and the name of our Company was changed from 'Green Asia Impex Private Limited' to *'Green Asia Impex Limited'* and a fresh Certificate of Incorporation dated September 19, 2025 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre. For details of change in registered office of our Company, see *"History and Certain Corporate Matters"* on page 243 of the Draft Red Herring Prospectus.

Registered Office: RS.No. 677/2A1, Unguturu(V) &(M), Eluru District, Unguturu (West Godavari)- 534411, Andhra Pradesh, India.
Tel: +91 9908941785 | **E-mail:** cs@greenasiaimpex.com | **Website:** www.greenasiaimpex.com
Contact Person: Ganta Aswani Raju, Company Secretary and Compliance Officer

OUR PROMOTERS: PASUPULETI VENKATA RAMARAO AND PASUPULETI MEENAKSHI

THE OFFER IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS (IPO BY SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON EMERGE PLATFORM OF NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE EMERGE").

NOTICE TO INVESTORS

This Public Announcement is being issued in relation to the Draft Red Herring Prospectus dated February 26, 2026 ("DRHP") filed by Green Asia Impex Limited (the "Company") with the National Stock Exchange of India Limited ("NSE") in connection with the Offer. The Company has received the in-principle approval from NSE for listing of the Equity Shares pursuant to its letter dated June 18, 2026.

Potential Bidders may note that the Pre-IPO Placement has been undertaken pursuant to the resolutions passed by the Board of Directors and the shareholders of the Company on July 31, 2026 and August 25, 2026, respectively.

Our Company, in consultation with the BRLM, has undertaken the Pre-IPO Placement of 6,71,045 Equity Shares at an issue price of ₹77/- per equity share (including premium of ₹67/- per equity share) for an amount aggregating to ₹5,16,70,465/- (**"Pre-IPO Placement"**) through a private placement by way of preferential allotment pursuant to Sections 42 and 62(1)(c) of the Companies Act, 2013, read with the Companies (Prospectus and Allotment of Securities) Rules, 2014 and the Companies (Share Capital and Debentures) Rules, 2014, each as amended.

Pursuant to the resolution passed by the Board of Directors at its meeting held on September 3, 2026, the Company allotted 6,71,045 Equity Shares pursuant to the Pre-IPO Placement, as set out below:

Sr. No.	Name of Allottee	No. of Equity Shares Allotted	Issue Price per Equity Share (₹)	Allotment Amount (₹)
1	Dongari Nagaraju	1,29,870	77.00	99,99,990
2	Oxloop Consulting Private Limited	32,500	77.00	25,02,500
3	Yemparala Ramakrishna	1,29,870	77.00	99,99,990
4	Bondada Raghavendra Rao	1,84,000	77.00	1,41,68,000
5	Pragada Chitti Veeranna	1,29,870	77.00	99,99,990
6	Alivelu Suryakantha Kumari Tekumalla	64,935	77.00	49,99,995
	TOTAL	**6,71,045**		**5,16,70,465**

Accordingly, the amount proposed to be raised through the Fresh Issue shall be reduced by the amount raised pursuant to the Pre-IPO Placement. The Pre-IPO Placement does not exceed 20% of the Fresh Issue size disclosed in the DRHP, subject to the Fresh Issue complying with Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR").

The investors who subscribed to the Equity Shares pursuant to the Pre-IPO Placement were, prior to such allotment, informed that there is no guarantee that the Offer may proceed or that the listing of the Equity Shares may occur and, accordingly, such investment was made by the relevant investors solely at their own risk.

Please note that the Equity Shares allotted pursuant to the Pre-IPO Placement shall be subject to such lock-in requirements as may be applicable under the SEBI ICDR Regulations and other applicable laws.

None of the allottees under the Pre-IPO Placement is connected with our Company, our Promoters, the members of our Promoter Group, our Directors, our Key Managerial Personnel, our Senior Management Personnel, our Group Companies or the BRLM.

The Company has intimated the details of the Pre-IPO Placement to NSE in connection with the Pre-IPO Placement undertaken pursuant to Regulation 274 of the SEBI ICDR Regulations.

The issue price of ₹77/- per Equity Share at which the Pre-IPO Placement has been undertaken is not indicative of the Offer Price, which will be determined by our Company in consultation with the BRLM in accordance with the SEBI ICDR Regulations.

This Public Announcement does not constitute an offer or an invitation to subscribe to or purchase any securities of the Company, in India or in any other jurisdiction. Any investment in the Equity Shares proposed to be offered pursuant to the Offer shall be made solely on the basis of the Red Herring Prospectus and the Prospectus filed by the Company in accordance with applicable law.

The Company will make appropriate disclosures relating to the Pre-IPO Placement in the Red Herring Prospectus, Prospectus, Price Band Advertisement and/or such other offer documents or advertisements as may be required under applicable law.

Any investment decision in relation to the Offer should only be made after the Red Herring Prospectus ("RHP") has been filed with the Registrar of Companies and should be made solely on the basis of such RHP, as there may be material changes between the DRHP and the RHP. The Equity Shares offered pursuant to the RHP are proposed to be listed on NSE Emerge.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE OFFER	REGISTRAR TO THE OFFER	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
Indorient Financial Services Limited **INDORIENT FINANCIAL SERVICES LIMITED** **Corporate Off. Add:** B/805, Rustomjee Central Park, Andheri Kurla Road, Chakala, Mumbai – 400093, Maharashtra, India. **Tel:** +91-79772 12186 **E-mail:** compliance-ifsl@indorient.in **Investor Grievance E-mail:** wecare@indorient.in **Website:** www.indorient.in **Contact Person:** Amina Khan **SEBI Registration No:** INM000012661 **CIN:** U67190DL1993PLC052085	**BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED** **Address:** Office No S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai – 400093, Maharashtra, India. **Tel:** 022-6263 8200 **E-mail:** ipo@bigshareonline.com **Investor grievance email:** investor@bigshareonline.com **Website:** www.bigshareonline.com **Contact Person:** Aniket Seebag **SEBI Registration No:** INR000001385	**GREEN ASIA IMPEX LIMITED** **Ganta Aswani Raju,** **Company Secretary and Compliance Officer** **Registered Office:** RS.No. 677/2A1, Unguturu(V) &(M), Eluru District, Unguturu (West Godavari)- 534411, Andhra Pradesh, India. **Tel:** +91 9908941785; **E-mail:** cs@greenasiaimpex.com **Website:** www.greenasiaimpex.com Investors can contact the Compliance Officer or the Registrar to the Offer in case of any pre-Offer or post-Offer related problems, such as non-receipt of letters of allotment, credit of allotted shares in the respective beneficiary account, etc.

All the capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in DRHP.

For, Green Asia Impex Limited
Sd/-
Ganta Aswani Raju
Company Secretary & Compliance Officer

Date: September 08, 2026
Place: Tadepalligudem, Andhra Pradesh

Green Asia Impex Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and considerations, to make initial public offer of Equity Shares and has filed DRHP with NSE EMERGE on February 26, 2026. The DRHP is available on the website of the NSE EMERGE at https://www.nseindia.com/, Website of the Issuer at https://greenasiaimpex.com/ and on the website of BRLM i.e. Indorient Financial Services Limited at https://indorient.in/. Any potential investor should note that the investment in the Equity Shares involves high degree of risk and for details relating to such risk kindly refer *"Risk Factors"* on page 31 of the DRHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with NSE EMERGE for making any investment decision.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act 1933, as amended (the **"US Securities Act"**) or any state securities laws in the United States of America and may not be offered or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in Regulation S of the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the US Securities Act and applicable state securities law. Accordingly, the equity shares are being offered and sold only outside the United States of America in an offshore transaction in reliance upon Regulation S under the US Securities Act and the applicable laws of the jurisdiction where those offers and sale occur. There will be no public offering of the Equity Shares in the United States.

AdBaaz